भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

सीईएन 01/2018 (सहायक लोको पायलट और तकनीशियन)

कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा का परिणाम तथा दस्तावेज़ सत्यापन के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन

1.0 दिनांक 10.05.2019 एवं 21.05.2019 को आयोजित अभिक्षमता परीक्षा (सीबीएटी) में शामिल हुए उम्मीदवारों की योग्यता की स्थिति , टेस्ट बैटरी वार टी-स्कोर , समग्र टी-स्कोर और 30 में स्कोर (एएलपी मेरिट के लिए 30% वेटेज), रेलवे भर्ती बोर्डों की आधिकारिक वेबसाइट पर दी गई लिंक पर जाकर विधिवत अपना पंजीकरण एवं जन्म तिथि दर्ज़ कर, लॉग इन करके देखे जा सकते हैं। कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा का स्कोर कार्ड दिनांक 04.06.2019 के 11.00 बजे से लाइव होगा।

कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के लिए , उम्मीदवारों का प्रत्येक टेस्ट बैटरी में न्यूनतम टी-स्कोर 42 होना चाहिए।

टेस्ट बैटरी वार टी-स्कोर , समग्र टी-स्कोर और 30 में से स्कोर की गणना करने के लिए अपनाई गई कार्यप्रणाली के बारे में जानने के लिए उम्मीदवार आरडीएसओ की वेबसाइट (www.rdso.indianrailways.gov.in>Directorates>Psycho-Technical) पर जाकर प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) का प्रश्न संख्या 9 देख सकते हैं।

2.0 यद्यपि सीबीएटी परिणाम को तैयार करने में प्रत्येक सावधानी बरती गई है, तथापि अनजाने में हुई किसी भी त्रुटि या टंकण/ मुद्रण की गलतियों को सुधारने का अधिकार रेलवे भर्ती बोर्ड के पास सुरक्षित है। परिणाम के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले किसी भी पत्राचार का उत्तर देने में रेलवे भर्ती बोर्ड की असमर्थता के लिए ख़ेद है।

3.0 सहायक लोको पायलट एवं विभिन्न तकनीशियन पदों के लिए दस्तावेज़ सत्यापन के लिए चयनित उम्मीदवारों की रेलवे भर्ती बोर्ड वार सूची को संबंधित रेलवे भर्ती बोर्डों द्वारा कुछ दिनों के भीतर अलग से प्रकाशित किया जाएगा। तदनुसार उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि दस्तावेज़ सत्यापन के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची देखने के लिए वे नियमित रूप से उस रेलवे भर्ती बोर्ड की वेबसाइट पर जाएँ, जिसके लिए वे आवेदन किए हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा उपर्युक्त के प्रकाशन के पश्चात् रेलवे भर्ती बोर्डों की वेबसाइटों पर प्रदान की गई लिंक के माध्यम से उम्मीदवार दस्तावेज़ सत्यापन के लिए अपने चयन की स्थिति भी देख सकते हैं।

4.0 **महत्वपूर्ण** : दलालों से सावधान रहें, जो अवैध आधार पर नौकरी के लिए चयनित करवाने के झूठे वादे कर उम्मीदवारों को गुमराह कर सकते हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया कंप्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है।

5.0 उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से रेलवे भर्ती बोर्डों की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

दिनांक : 04.06.2019

अध्यक्षगण
रेलवे भर्ती बोर्ड